ई-मेल: upbsgbadaun@gmail.com
+91, 9719398133
+91, 9917174114

उ0 प्र0 भारत स्काउट्स एवं गाइडस् , बदायूं

वन विभाग रोड, निकट अम्बेडकर पार्क, बदायूं (यू0 पी0) 243601

वार्षिक आख्या 2019-20

माह अप्रैल 2019

को मतदान के सम्बन्ध में ज़िला विधालय निरीक्षक बदायूँ की अध्यक्षता में जनपद के समस्त प्रधानाचार्यों की बैठक का आयोजन स्काउट भवन एंव प्रशिक्षण केन्द्र बदायूँ पर किया गया। उक्त बैठक में लोक सभा चुनाव के सम्बन्ध में प्रत्येक मतदेय स्थल पर स्काउट एंव गाइड सेवा कार्य हेतु लगाने पर विचार किया गया।

दिनाँक 7 अप्रैल 2019 को जनपद में आने वाली मतदाता जागरूकता एक्स्प्रेस का नगर के मुख्य चौराहे नवादा पर स्काउट्स / गाइड्स के पदधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया स्वागत के अफसर पर ज़िला विधालय निरीक्षक श्री राम मूरत ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपाल सिंह राजपूत ज़िला अध्यक्ष महेश चन्द्र सक्सेना ज़िला स्काउट कमिश्नर श्री अजय पाल सिंह ज़िला गाइड कमिश्नर श्रीमती डेजी फज़ल ज़िला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार ज़िला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती सीमा यादव श्री नन्दराम शक्य श्रीमती कमलेश उदय सिंह यादव, विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

दिनाँक 10 अप्रैल 2019 को नगर के समस्त माध्यमिक विधालयों के स्काउट्स / गाइड्स / रोवर्स / रेंजर्स को विधालयों के निकटवर्ती बूथ पर दिवयांगो की सेवा करने हेतू प्रेरित किया गया जो 23 अप्रैल 2019 को होने वाले मतदान दिवस पर सेवा कार्य करेंगे।

दिनाँक 12 अप्रैल 2019 को स्टेट चीफ कमिश्नर (स्काउट) श्री राजेश कुमार मिश्र का स्काउट भवन आने पर भव्य स्वागत किया गया प्रातः 9 बजे स्काउट भवन से जनपद बरेली के लिए विदा किया गया।

दिनाँक 14 अप्रैल 2019 को कुष्ठ आश्रम कछला पर निवास कर रहे 101 कुष्ठ रोगियों की सहायता सामग्री एंव भोजन लेकर प्रेमपाल सिंह राठौर व उदय सिंह यादव सुनील सक्सेना व विकास कुमार गए।

दिनाँक 14 अप्रैल 2019 को बरेली के सर्किट हाउस में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के प्रादेशिक मुख्यायुक्त आदर्णीय डॉ प्रभात कुमार मिश्र जी के आगमन पर बदायूँ से श्री महेश चन्द्र सक्सेना प्रादेशिक उपाध्यक्ष और श्री श्रीश चन्द्र शर्मा व ज़िला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार उनके स्वागत में उपस्थित हुए एंव माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

दिनाँक 23 अप्रैल 2019 को लोक सभा निर्वाचन में मतदेय स्थलो पर स्काउट्स, गाइड्स, एंव रोवर्स, रेंजर्स, सेवा करने हेतू लगाए गए।

माह मई 2019

दिनाँक 8 मई 2019 को विश्व रेडक्रास दिवस का आयोजन किया गया सदर अस्पताल बदायूँ में इस अफसर पर मरीज़ो को फल वितरण किए गए

दिनाँक 20 मई 2019 से निशुल्क जल सेवा शिविर का आयोजन गांधी नेत्र चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर प्यासे राहगीरो को स्वच्छ शीतल पेय जल पिलाने के उद्देश्य से किया गया ये सेवा कार्य दिनाँक 12 जून 2019 तक निरंतर सेवा करने के उपरांत माँ गंगा दशहरा पावन पर्व पर शर्बत वितरण के उपरांतसम्पन्न होगा शिविर का उदघाटन श्री महेश चन्द्र सक्सेना अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

भारत स्काउट्स गाइड्स संस्था बदायूँ ने किया स्काउट संस्था ये सेवा कार्य विगत 35 वर्षो से निरंतर करती चली आ रही है।
दिनाँक 21 मई 2019 से दिनाँक 25 मई 2019 की अवधि में पाँच दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण शिविर में 72 स्काउट्स एंव 13 गाइड्स ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसके स्काउट बिंग के शिविर संचालक श्री मोहम्मद असरार व गाइड बिंग की शिविर संचालक श्रीमती वायलेट सिंह रहीं।
दिनाँक 27 व 28 मई 2019 को ज़िला स्काउट कमिश्नर श्री अजय पाल सिंह व ज़िला गाइड कमिश्नर श्रीमती डेजी फज़ल 2 दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु सीमेट एलनगंज इलाहाबाद गए।
दिनाँक 31 मई 2019 को एण्टीस्मोकिंग दिवस का आयोजन ज़िला मुख्या युक्त डॉ वीरपाल सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में स्काउट्स भवन पर किया गया। जिसमे नशीली वस्तुओं के सेवन व धूम्रपान से परहेज़ करने के बारे में विस्तार से बताया गया।

माह जून 2019

स्काउट भवन एंव प्रशिक्षण केन्द्र बदायूँ पर दिनाँक 5 जून 2019 को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन श्री अजय पाल सिंह ज़िला स्काउट कमिश्नर बदायूँ की अध्यक्षता में किया गया। उक्त आयोजन में पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ती पाने हेतु पोलिथीन की बनी वस्तुओं का उपयोग न करने का संकल्प लिया गया। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में छायादार पौधो का रोपण कर उनकी देख भाल करने हेतु निर्देशित किया गया।
माँ गंगा दशहरा के पावन पर्व पर दिनाँक 12 जून 2019 को पूरे दिन शर्बत वितरण कर निशुल्क जल सेवा शिविर का समापन किया गया सेवा करने वाले स्काउट्स / गाइड्स / रोवर्स / रेंजर्स / को प्रशस्ति पत्र एंव प्रतिक चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।
अंतर्राष्ट्रीय 5 वे योगा दिवस का आयोजन स्काउट्स भवन पर किया गया। जिसमे लगभग 100 स्काउट्स / गाइड्स / रोवर्स / रेंजर्स / ने स्वस्थ एंव निरहोग रहने के लिए विभिन प्रकार के आसनो का अभ्यास किया तथा सभी ने नित्त योगाभ्यास करने की शपथ दोहराई जिसकी आख्या प्रादेशिक सचिव उत्तर प्रदेश भारत स्काउट्स गाइड्स लखनऊ को मए फोटो ग्राप्स के सेवा में ईमेल के द्वारा प्रेषित की जा चुकी है।
दिनाँक 26 जून 2019 को व्यसन मुक्ति जागरूकता रेली का आयोजन किया गया।
दिनाँक 30 जून 2019 को विश्व बन दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत पौधा रोपण करने हेतु स्थान चिन्हित किया गया। तथा गड्डे खोदने की तैयारी की गई।